प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में ट्राउट मछली का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है और ट्राउट के उत्पादन में पिछले वर्ष के मुकाबले 15 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हजारों परिवार अपनी आजीविका के लिए मछली पालन पर निर्भर हैं, इसलिए राज्य सरकार मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीति बनाने जा रही है ताकि मछुआरों की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू और मंडी जिले में ट्राउट पालन व्यावसायिक स्तर पर पहुंच गया है और ट्राउट पालन की बढ़ती प्रसिद्धि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी नए आयाम दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल ट्राउट पालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है और अब देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बन गया है।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा कल कांगड़ा ज़िला के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ़ जामूला और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो मण्डी द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सदियाणा में नारा व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई और छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इधर, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा शिमला के राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सोलन में भी नगर–निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों को स्वच्छता को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कांगड़ा कार्निवाल

राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष व विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा है कि पारंपरिक विधाओं और संस्कृति को जीवंत रखने के लिए हर उत्सव अहम भूमिका निभाते है। कांगड़ा वैली कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से जहां स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखने का अवसर मिलता है वहीं क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनियों के माध्यम से उन्हें अपने उत्पादों को विक्रय करने में सहायता मिलती है।

बीएसएनएल

भारतीय संचार निगम लिमिटिड आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है इस मौके पर बीएस एनएल के तत्वाधान में शिमला के रिज मैदान पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक विवेक कुमार जयस्वाल करेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। पिछले करीब दो तीन दिनों से प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर मौसम साफ बना हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 3–4 दिनों में मॉनसून प्रदेश से विदा हो सकता है। मौसम विभाग के अुनसार प्रदेश से मॉनसून के विदा होने की परिस्थितियां अनुकूल हो चूकी है। हालांकि विभाग ने 5 अक्तूबर को मध्यम से ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई है। गौरतलब है कि प्रदेश में सितंबर माह में एक सौ 24 मिली मीटर बारिश हुई जो सामान्य से 3 प्रतिशत ज्यादा दर्ज की गई है। सिरमौर जिला में सर्वाधिक 73 प्रतिशत जबकि लाहौल–स्पीति में 70 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

सुर्खिया समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला व आपका फैसला की एक जैसी सुर्खी है–ट्राउट मछली उत्पादन में हिमाचल प्रदेश देशभर में अव्वल। दिव्य हिमाचल के शब्द है–पतलीकूहल में बनेगा ट्राउट ब्रूड़ बैंक।

दैनिक जागरण का कहना है– मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बनेगी नीति। पंजाब केसरी व हिमाचल दस्तक का लगभग एक जैसा शीर्षक है–ओकओवर में अधिकारियों से मिले सीएम, महत्वपूर्ण फाईलें निपटाई। दैनिक सवेरा टाईम्स के अनुसार–मछुआरों की आर्थिकी सुदृढ़ करने को मत्स्य पालन की बनेगी नीति।

अमर उजाला की एक खबर है–कर्मचारियों को वेतन आज दिवाली पर डीए देने की तैयारी।

दो तीन दिन में विदा हो सकता है मॉनसून, 5 अक्तूबर से सक्रिय होगा डब्ल्यू. डी., बारिश होने की संभावना शीर्षक से दैनिक भास्कर ने खबर को प्रमुखता दी है

———————————————————————